<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Need to provide compensation to farmers of Vidharbha region of Mahrashtra.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गढ़चिरोली-चिमुर की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह देश का सबसे पिछड़ा, घना, आदिवासी बहुल और नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। मेरे संसदीय क्षेत्र में 15-20 दिन पूर्व भारी वर्षा के कारण कई किसानों की धान की फसल का नुकसान हुआ है। खेतों में ज्यादा वर्षा से बांध भर चुके हैं, इसकी वजह से बांध का पानी इधर-उधर चला गया है। यही नहीं ज्यादा बारिश की वजह से जो बांध टूटा और बांध की मिट्टी बहकर जमा हो गई, इससे किसानों का भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। 15-20 दिन से बारिश कम हुई है। जिन किसानों ने अपनी खेत में बीज बोया है, उनका भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

सभापति महोदय, विदर्भ के निकटवर्ती जिले, जैसे भण्डारा, गोंदिया, चन्द्रपुर आदि में ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : नेते जी, आप अपनी डिमांड बोलिए।

श्री अशोक महादेवराव नेते : उन जिलों मे भारी मात्रा में वर्षा होने के कारण किसानों को नुकसान हुआ है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि किसान हर साल की तरह इस साल भी भारी वर्षा के कारण परेशान है। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Please mention your demand. Otherwise, I have to call the next Member.

श्री अशोक महादेवराव नेते : मेरा सरकार से अनुरोध है कि जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उनका सर्वे करके उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाये। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Om Birla,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Ashok Mahadeorao Nete.